पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने डॉ0 आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

जब तक देश में जनतंत्र है बाबा साहब का दिया हुआ संविधान हमारा मार्गदर्शन करेगा - श्री नाईक

बाबा साहेब ने समतामूलक समाज के निर्माण तथा दबे-कुचले एवं वंचित समाज को सत्ता में आगे बढ़ाने का काम किया - मुख्यमंत्री

लखनऊ: 6 दिसम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भारत रत्न बोधिसत्व डॉ0 भीमराव आंबेडकर के 63वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आंबेडकर महासभा जाकर अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की एवं डॉ0 आंबेडकर के अस्थि कलश के दर्शन भी किये। इस अवसर पर मंत्री श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मंत्री डॉ0 रीता बहुगुणा जोशी, महापौर डॉ0 संयुक्ता भाटिया, आंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लालजी प्रसाद निर्मल सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। इससे पूर्व राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने हजरतगंज स्थित डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने कहा कि प्रतिज्ञा करें कि डॉ0 भीमराव आंबेडकर ने संविधान द्वारा नागरिकों को जो दायित्व और अधिकार दिये हैं उसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुये व्यक्ति तक पहुंचे जिससे उसे लगे कि स्वराज है। बाबा साहब संविधान के शिल्पकार हैं यह कहना आसान है, पर सबकी सुनकर और सहमति के आधार पर संविधान का निर्माण करना वास्तव में मुश्किल काम है। बाबा साहेब का मानना था कि हमें छोटी-छोटी बातों पर उलझना या टकराना नहीं चाहिये बल्कि सौहार्दपूर्ण तरीके से समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिये। डॉ0 भीमराव आंबेडकर ने न केवल देश को संविधान रूपी शक्ति प्रदान की बल्कि सामाजिक न्याय की दृष्टि भी दी। उन्होंने कहा कि जब तक देश में जनतंत्र है बाबा साहब का दिया हुआ संविधान हमारा मार्गदर्शन करेगा।

श्री नाईक ने कहा कि डॉ0 आंबेडकर का मानना था कि शिक्षा से ही परिवर्तन लाया जा सकता है। स्वयं बाबा साहब ने जिन परिस्थितियों में प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में विश्व के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से शिक्षा ग्रहण की उससे प्रेरणा प्राप्त करने की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। बाबा साहेब ने समाज के दबे-कुचले एवं वंचित लोगों के उन्नयन का जो संकल्प लिया था उसके लिये वे आजीवन प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ऐसे महापुरूष है जिन्हें धर्म, वर्ण एवं भाषा की परिधि में नहीं बांधा जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि वे आंबेडकर महासभा में लगातार आते रहे हैं। राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द, उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी वे यहाँ आये हैं। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने संविधान की मूल प्रति आंबेडकर महासभा को भेंट

की जिसका उन्हें बहुत समाधान है। जिनके प्रति श्रद्धा है उनका सही नाम लिखा जाना चाहिए इस दृष्टि से उन्होंने डॉ0 भीमराव आंबेडकर का सही नाम लिखे जाने का प्रयास किया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिनन्दन के पात्र हैं जिन्होंने सरकारी कार्यालयों में बाबा साहेब का चित्र लगाने के लिये आदेश किये। बाबा साहेब से जुड़े स्थानों पर जाकर ऐसे संदेश मिलते हैं जो समाज के लिये काम करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ0 आंबेडकर के बारे में अध्ययन करना चाहिये और देश का लोकतांत्रिक स्वरूप कैसा उनकी दृष्टि से समझने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर ऐसे महामानव थे जिन्होंने समतामूलक समाज के निर्माण तथा दबे-कुचले एवं वंचित समाज को सत्ता में आगे बढ़ाने का काम किया। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 करोड़ लोगों को आवास, 4 करोड़ लोगों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, 8 करोड़ लोगों को रसोई गैस कनेक्शन, 12 करोड़ लोगों को शौचालय तथा 13 करोड़ लोगों को मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराकर एक बड़ा काम किया है। प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब से जुड़े 5 स्थानों को पंचशील के रूप में विकसित किया। उन्होंने कहा कि किसी को उसके हक की जानकारी देना और उसके अधिकार दिलाना सबसे बड़े पुण्य का काम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति की पहली किस्त भेजी जा चुकी है तथा अगली किस्त 26 जनवरी के पहले भेज दी जायेगी। नई योजना के तहत राशन कार्ड भी उपलब्ध कराये जायेंगे तथा विधवाओं की पेंशन हेतु स्वीकृतियाँ भी दे दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विषमता को दूर करने एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ0 आंबेडकर ने जो मिशन बढ़ाया था प्रधानमंत्री द्वारा वंचित समाज के लिये जो योजनाएं प्रारम्भ की गयी हैं बाबा साहेब के मिशन के एक कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि बराबरी के लिये शिक्षा पहली जरूरत है।

कार्यक्रम में आंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश अनसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लालजी निर्मल ने भी अपने विचार रखे।

अंजुम/ललित/राजभवन (476/7)

भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा
बाबा साहेब डा. भीमराव आंबे
परिनिर्वाण दिवस पर
विशेष श्रद्धांजलि
तिथि एवं समय : 6 दिसम्बर 2018, प्रातः 10:00
स्थान : डा0 आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर
मुख्य अतिथि
उद्घाटन
अध्यक्षता

तिस्सरण
सरणं गच्छामि

भीमराव अम्बेडकर
की इस प्रतिमा का अनावरण
नीया सुश्री मायावती
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश
के कर कमलों द्वारा
को सम्पन्न हुआ.
Statue of BodhisatvaRev.BabaSaheb
BHIMRAO AMBEDKAR
was unveiled by
N'BLE MS. MAYAWATI
Chief Minister, Uttar Pradesh

भीमराव अम्बेडकर
की इस प्रतिमा का अनावरण
नीया सुश्री मायावती
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश
के कर कमलों द्वारा
को सम्पन्न हुआ।
Statue of Bodhisatva Rev. Baba Saheb
BHIMRAO AMBEDKAR
was unveiled by
N'BLE Ms. MAYAWATI
Chief Minister, Uttar Pradesh